प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

प्रधानमंत्री वापसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंच गए। दो दिन की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित आधिकारिक रात्रि भोज में भी भाग नहीं लिया। उन्हें आज रात को वापस आना था। सउदी अरब से लौटने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री ने दिल्ली हवाई अड्डे पर संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति पर विचार. विमर्श किया।

------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री

जम्मू–कश्मीर के पहलगांव में बीते रोज हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश की सीमाओं पर अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा बलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस आतंकी हमले की निंदा की है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की केन्द्र सरकार से मांग की। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने श्रीनगर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वंय श्रीनगर पहुंचे हैं और इस कार्रवाई में संलिप्त आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

------------------------------------------------------------

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में युवाओं को नशा परोस रहे ड्रग माफिया को यहां से भागना होगा और इसकी शुरूआत हो चुकी है। राज्यपाल आज चंबा ज़िला की मैहला पंचायत में नशा उन्मूलन को लेकर स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि एक ओर जहां नशाखोरी के खिलाफ प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चल रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयं सेवी संस्थाएं भी इस कार्य में जोरशोर से जुटी हुई है।

राज्यपाल ने मैहला में डॉ. वाई.एस परमार उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा आयोजित किसान मेले में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर राज्यपाल ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके जल्द अच्छे परिणाम आएंगे।

---

दुर्घटना

शिमला ज़िला के चौपाल उपमंडल की माटल–पुलवाहल सड़क पर एक कार के रिऊणी नामक स्थान पर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला में भर्ती करवाया गया है। मृतक पिता–पुत्र है, इनकी पहचान दीपक और उनके पिता रामलाल के रूप में हुई है। घायलों में राजेश शर्मा, पंकज शर्मा और सुमन शामिल है। ये दुर्घटना चालक की लापरवाही से हुई बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

---

ईको टूरिज्म

वन विभाग ने प्रदेश में 77 नई ईको टूरिज्म साइटों के आबंटन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। विभाग के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि ये साइटें धर्मशाला, कुल्लू, मंडी, हमीरपुर, नाहन, बिलासपुर, रामपुर और शिमला वन वृतों में हैं। उन्होंने कहा कि इन साइटों के लिए 5 मई तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रवक्ता ने ये भी कहा कि वन विभाग अभी तक 7 ईकों टूरिज्य साइटों का आबंटन कर चुका है।

---